आकाशवाणी श्री विजयपुरम

23.06.2026 समय : 1905

1. गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में कहा पश्चिम बंगाल को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का योगदान अविस्मरणीय है।

2. केन्द्रीय द्वीपीय अनुसंधान संस्थान ने उनचासवें स्थापना दिवस पर द्वीपों में कृषि अनुसंधान और कृषक कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

3. कलकत्ता उच्च न्यायालय का सर्किट बेंच उनतीस जून से तेरह जुलाई तक पोर्ट ब्लेयर में न्यायायिक मामलों की सुनवाई करेगा।

4. अंडमान निकोबार द्वीप समूह में मत्स्य बीज उत्पादन को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पच्चीस जून को फील्ड डे कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><><>

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के साथ ही डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना साकार हो गया है। श्री शाह ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें देश के महानतम नेताओं में से एक बताया। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी के योगदान ने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्यामा प्रसाद मुखर्जी इस राष्ट्र के बहुत बड़े नेताओं में शुमार होते हैं। इन्होंने कभी जीवन में कुछ भी प्रसिद्ध के लिए नहीं किया और उनकी बनाई पार्टी भारतीय जन संघ, जो अब भारतीय जनता पार्टी के नाम से जानी जाती है। गंगा से लेकर बंगाल के गंगासागर तक भारतीय जनता पार्टी का है और मुझ जैसे सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने 60 साल के अंदर इनकी विचारधारा पर आगे बढ़ते–बढ़ते आज देश को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास किया है। नई दिल्ली में नैफेड के नीलामी पोर्टल के शुभारंभ पर श्री शाह ने कहा कि 23 जून भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इसी दिन श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्रीय एकता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया था। विभाजन काल को याद करते हुए उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल को भारत का हिस्सा बनाए रखने में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की महत्वपूर्ण भूमिका थी।

<><><><><><><><>

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान, श्री विजयपुरम का उनचासवां स्थापना दिवस आज संस्थान के डॉ. टी.आर. दत्ता सम्मेलन कक्ष में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अंडमान निकोबार प्रशासन की कृषि, पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवाएं तथा मत्स्य विभाग की सचिव पल्लवी सरकार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि नाबार्ड के महाप्रबंधक के. विजय पांडियन विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक (कार्यवाहक) डॉ. जयसुंदर ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए संस्थान की गतिविधियों एवं भावी योजनाओं का विस्तृत अवलोकन कराया।

स्थापना दिवस व्याख्यान ICAR, नई दिल्ली के उप महानिदेशक (एनआरएम) डॉ. ए.के. नायक द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने अपने व्याख्यान में प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया तथा संस्थान के कर्मचारियों को उनके योगदान के लिए प्रशंसा की गई। इस अवसर पर संस्थान के प्रकाशनों का भी विमोचन किया गया।

<><><><><><><><>

विशिष्ट अतिथि के. विजय पांडियन ने अपने संबोधन में कृषि एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में संस्थान की भूमिका की सराहना की। मुख्य अतिथि पल्लवी सरकार ने अपने संबोधन में द्वीप समूह में कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य क्षेत्र के विकास में संस्थान के योगदान का उल्लेख किया। कार्यक्रम के अंत में स्थापना दिवस समारोह की समन्वयक डॉ. टी. सुजाता ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

<><><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के न्यायिक मामलों की सुनवाई के लिए कलकत्ता उच्च न्यायालय का सर्किट बेंच 29 जून से 13 जुलाई तक पोर्ट ब्लेयर में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुगतो मजूमदार और न्यायमूर्ति ओम नारायण राय सर्किट कोर्ट में मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><><>

मत्स्य विज्ञान प्रभाग, आईसीएआर–केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र, दक्षिण अंडमान के सहयोग से 25 जून को "कार्प मछलियों का प्रजनन एवं मत्स्य बीज उत्पादन" विषय पर फील्ड डे एवं प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम दोपहर 2 बजे आईसीएआर–सीआईएआरआई के भातूबस्ती, गराचरामा स्थित परिसर में होगा। कार्यक्रम में किसानों, मत्स्य पालकों, उद्यमियों, विद्यार्थियों, क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं, प्रसार कर्मियों तथा मत्स्य एवं जलीय कृषि क्षेत्र से जुड़े हितधारकों को आमंत्रित किया गया है। फील्ड डे के दौरान प्रतिभागियों को कार्प मछलियों के प्रेरित प्रजनन, ब्रूडस्टॉक प्रबंधन, हैचरी संचालन तथा मत्स्य बीज उत्पादन की आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन कराया जाएगा। साथ ही कार्प पालन की सर्वोत्तम प्रबंधन पद्धतियों की जानकारी भी दी जाएगी। संस्थान के विशेषज्ञ गुणवत्तापूर्ण मत्स्य बीज उत्पादन की वैज्ञानिक विधियों का प्रदर्शन करेंगे तथा जलीय कृषि आधारित उद्यमिता और आजीविका संवर्धन की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य द्वीपों में मत्स्य बीज उत्पादन में आत्मनिर्भरता बढ़ाना, स्थानीय जलीय कृषि उद्यमों को सशक्त बनाना तथा सतत मत्स्य विकास को प्रोत्साहित करना है। आयोजकों ने सभी नागरिकों से निःशुल्क कार्यक्रम में भाग लेकर नवीन तकनीकों का लाभ उठाने की अपील की है।

<><><><><><><>

दूरदर्शन केंद्र, श्री विजय पुरम द्वारा कल शाम साढ़े पांच बजे से 'पेट टॉक– बियॉन्ड द बॉन्ड' नामक लाइव फोन–इन कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम का विषय "अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह में सूअर एवं बकरी पालन की संभावनाएं और लाभ" रखा गया है। कार्यक्रम में मंगलूटन पशु चिकित्सालय के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. लाव्हले निनाद साहेबराव विशेषज्ञ के रूप में स्टूडियो में उपस्थित रहेंगे। वे दर्शकों द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्नों के उत्तर देंगे तथा सूअर एवं बकरी पालन से संबंधित वैज्ञानिक जानकारी साझा करेंगे। इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य द्वीपों में पशुपालन गतिविधियों को बढ़ावा देना, किसानों और पशुपालकों को आधुनिक तकनीकों से अवगत कराना तथा स्वरोजगार और आयवृद्धि के अवसरों के बारे में जानकारी प्रदान करना है। दर्शक लाइव प्रसारण के दौरान फोन नंबर 244745 और 245662 पर संपर्क कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार हिलाल समिति द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार द्वीप समूह में मुहर्रम 26 जून को मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुसलमानों के लिए विशेष महत्व रखने वाले आशूरा के रोजे 25 और 26 जून को रखे जा सकते हैं।

<><><><><><><>